आपका स्वास्थ्य, आपकी सुरक्षा
श्रमिकों के लिए एक संक्षिप्त गाइड

Hindi



This is a **Hindi** version of leaflet INDG450, published 10/12

परिचय

यह जानकारी ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस (HSE) के साथ सहयोग में हेल्थ एंड सेफ्टी एग्ज़िक्युटिव (स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यकारी) (HSE) की ओर से है। TUC स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून को लागू करने तथा सलाह और सहायता पेश करने के द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण की रक्षा करने के लिए काम करती है। TUC छह मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ 55 ट्रेड यूनियनों का प्रतिनिधित्व करती है। यह काम पर निष्पक्षता और सभ्य मानकों के लिए अभियान चलाती है।

यदि आप एक कर्मचारी हैं (फुल या पार्ट टाइम, अस्थायी या स्थायी), तो यह जानकारी समझाती है कि आपके अधिकार क्या हैं, आपको अपने नियोक्ता से क्या उम्मीद करनी चाहिए, आपकी ज़िम्मेदारियां क्या हैं और मदद के लिए कहाँ जाना है।

यह आप पर तब भी लागू होता है, यदि आप एक काम करने का अनुभव ले रहे युवा व्यक्ति, एक अप्रेंटिस, मोबाइल श्रमिक या घर पर काम करने वाले श्रमिक, या एक प्रवासी श्रमिक हैं (भले ही आप ब्रिटेन में अनुमति के बिना काम कर रहे हैं)।

यदि आप एक अस्थायी, अनियमित या एजेंसी श्रमिक हैं, तो आपकी एजेंसी, गैंगमास्टर या ठेकेदार को उस व्यवसाय, जो आपकी सेवाओं का उपयोग कर रहा है (आपको काम पर रखने वाला) के साथ सहयोग और संवाद करने की जरूरत है ताकि सुनिश्चित किया जा सके की आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जाता है।

यदि आप एक स्वयंसेवक हैं और अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं, तो www.hse.gov.uk/voluntary/index.htm. देखें।

आपका स्वास्थ्य और सुरक्षा

आपको निम्नलिखित का अधिकार है:

- उस स्थानों पर काम करना जहां आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए सभी जोखिमों को ठीक से नियंत्रित किया जाता है;
- अगर आपको लगता है कि आप खतरे में हैं तो काम बंद करके उस क्षेत्र से निकल जाना;
- स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों या चिंताओं के बारे में अपने नियोक्ता को सूचित करना;
- अगर आपको अभी भी स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंताए हैं, तो मुसीबत में पड़े बिना, HSE या अपने स्थानीय प्राधिकरण से संपर्क करना;

- किसी ट्रेड यूनियन में शामिल होना और एक सुरक्षा प्रतिनिधि बनना;
- यदि आप एक सुरक्षा प्रतिनिधि हैं तो प्रशिक्षण के लिए भुगतान के साथ काम से छुट्टी;
- अगर आप बिना रुके छह घंटे से अधिक समय तक काम करते हैं तो कम से कम 20 मिनट के लिए एक आराम का समय और भुगतान के साथ छुट्टी की एक वार्षिक अवधि;
- उपयुक्त और पर्याप्त शौचालय, हाथ-मुँह धोने की सुविधाएं और पीने के पानी;
- पर्याप्त प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएं।

आपको यह ज़रूर करना चाहिए:

- अपने खुद के, और उन लोगों, जो अपके द्वारा किए जाने वाले (या न किए जाने वाले) काम से प्रभावित हो सकते हैं, के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना;
- स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में अन्य लोगों को सहयोग देना, और आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण के लिए उपलब्ध कराई गई किसी भी चीज़ के साथ हस्तक्षेप या दुरुपयोग नहीं करना;
- आपके नियोक्ता द्वारा आपको दी गई किन्हीं भी कार्य संबंधी वस्तुओं का उपयोग करते समय आपको प्राप्त हुए प्रशिक्षण का पालन करना।

नियोक्ता की जिम्मेदारियां

आपके नियोक्ता को निम्नलिखित ज़रूर करना चाहिए:

- ऐसे ढंग से, जिसे आप समझ सकें, आपको बताना के अपना काम सुरक्षित रूप से कैसे करना है, और आपको वर्तमान या प्रस्तावित काम की प्रथाओं से आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए जोखिम के बारे में बताना;
- आपको बताना किन्हीं भी जोखिमों को कैसे नियंत्रित किया जाएगा और इसके लिए जिम्मेदार कौन है;
- कार्यस्थल में नुकसान से हर किसी की रक्षा करने में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के साथ परामर्श और काम करना;
- आपको बताना प्राथमिक चिकित्सा उपचार कैसे प्राप्त करना है और किसी आपात स्थिति में क्या करना है।

अपने नियोक्ता को निम्नलिखित चीज़ें निःशुल्क प्रदान करनी चाहिएं:

- प्रशिक्षण जिस से आप अपना काम सुरक्षित रूप से करने के सक्षम हो सकें;
- काम पर आपके लिए आवश्यक कोई भी उपकरण और सुरक्षा (जैसे कपड़े, जूते या बूट, आंखों और कानों की सुरक्षा, दस्ताने, मास्क आदि) और सुनिश्चित करना कि इनकी ठीक तरह से देखरेख की जाती है;
- अगर आपके काम से खराब स्वास्थ्य का खतरा हो तो स्वास्थ्य जाँच;
- अगर आप रात में काम करते हों तो नियमित स्वास्थ्य जाँच और आपके शुरू करने से पहले एक जांच।

नोट: यदि आप वास्तव में स्वरोजगार में लगे हैं, तो आप अपनी खुद की प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्य जाँच प्रदान करने के लिए, और अपने काम के समय को संगठित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

आपके नियोक्ता द्वारा आपको निम्नलिखित जानकारी ज़रूर प्रदान की जानी चाहिए:

- स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून का पोस्टर (www.hse.gov.uk/pubns/books/lawposter.htm), जो एक प्रमुख स्थान में प्रदर्शित किया जाना चाहिए, या एक विकल्प के रूप में, वे प्रत्येक श्रमिक को बराबर के जेब में रखे जाने वाले कार्ड की एक प्रति प्रदान कर सकते हैं। इस में उन लोगों के संपर्क विवरण होने चाहिएं जो मदद कर सकते हैं;
- उनकी स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति का कथन;
- एक 'नियोक्ता दायित्व (अनिवार्य बीमा) [एम्प्लॉयर्स' लायबिलिटी (कंपल्सरी इन्शोरेन्स)] प्रमाणपत्र (www.hse.gov.uk/pubns/hse40.pdf) जो आपके काम की जगह पर दिखाई दे।

यदि आप अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में चिंतित हों तो क्या करना चाहिए

सलाह के लिए www.hse.gov.uk/workers/index.htm पर जाएँ, या शिकायत के लिए, www.hse.gov.uk पर जाएँ।

कर्मचारियों के अधिकारों के लिए, ट्रेडस यूनियन कोंग्रेस (TUC) workSMART वेबसाइट www.worksmart.org.uk पर जाएँ, या वैकल्पिक रूप से आप पे एंड वर्क राइट्स (वेतन और कार्य राइट्स) हेल्पलाइन 0800 9172 368 पर फोन कर सकते हैं।

विभिन्न भाषाओं में स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में जानकारी के लिए www.hse.gov.uk/migrantworkers/index.htm पर जाएँ।

यदि आपने किसी स्वास्थ्य और सुरक्षा मामले की वजह से अपनी नौकरी खो दी है, तो शायद आप एक एम्प्लॉयमेंट ट्रिब्यूनल (रोजगार ट्रिब्यूनल) को शिकायत कर सकते हैं। सलाह के लिए अपने ट्रेड यूनियन या स्थानीय सिटिज़न्स अड्वाइज़ ब्यूरो (नागरिक सलाह ब्यूरो) से पूछें।

आगे की जानकारी

स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में जानकारी, या इस मार्गदर्शन में विसंगतियों या गलतियों की रिपोर्ट करने के लिए www.hse.gov.uk पर जाएँ। आप HSE मार्गदर्शन ऑनलाइन देख सकते हैं और कीमत वाले प्रकाशन वेबसाइट से मंगवा सकते हैं। HSE के कीमत वाले प्रकाशन किताबों की दुकानों से भी उपलब्ध हैं।

यह मार्गदर्शन हेल्थ एंड सेफ्टी एग्ज़िक्युटिव द्वारा जारी किया जाता है। मार्गदर्शन का पालन करना अनिवार्य नहीं है, जब तक विशेष रूप से कहा नहीं गया है, और आप अन्य कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन अगर आप मार्गदर्शन का पालन करते हैं तो आप सामान्य रूप से कानून का पालन करने के लिए पर्याप्त कर रहे होंगे। स्वास्थ्य और सुरक्षा निरीक्षक, कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करना चाहते हैं और इस मार्गदर्शन का संदर्भ ले सकते हैं।

यह पत्रक www.hse.gov.uk/pubns/indg450H.htm पर मिल सकता है।

© क्राउन कॉपीराइट यदि आप इस जानकारी का फिर से उपयोग करना चाहते हैं तो विवरण के लिए www.hse.gov.uk/copyright.htm देखें। सबसे पहले 12/10 को प्रकाशित किया गया।